# कोटा में अनंत चतुर्दशी का भव्य जुलूस, जलाशयों पर गणपति विसर्जन

■ अनंत चतुर्दशी पर भव्य गणपति विसर्जन कार्यक्रम हुआ इसमें लोग ढोल नगाड़े बजाते हुए जुलूस में शामिल हुए

**कोटा,** (निसं)। कोटा में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर प्रदेश के सबसे बड़े जुलूस का आगाज हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दोपहर बारह बजे सूरजपोल पर साधु-संतों के साथ पूजन कर जुलूस को रवाना किया। इसमें हजारों श्रद्धालु शहर के विभिन्न जलाशयों पर गणपति विसर्जन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर श्री अनंत चतुर्दशी आयोजन समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। यह जुलूस मौखापाड़ा, कैथूनीपोल, सब्जीमंडी, अग्रसेन बाजार, रामपुरा, लाड़पुरा होते हुए किशोर सागर तालाब की पाल पर पहुंचेगा।

जुलूस 5 किलोमीटर लंबा था। कोटा में चंबल नदी के अलावा बालिता, स्टेशन और भीतरिया कुंड के आस-पास के इलाकों में भी गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। इसके अलावा किशोर सागर तालाब, चंबल नदी की दाईं और बाईं नहर तथा उनकी वितरिकाओं में भी विसर्जन किया गया। नए कोटा में भी लोग भीतरिया कुंड के आसपास विसर्जन के लिए पहुंचे। जुलूस के पूजन कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी और श्री अनंत चतुर्दशी महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमेर सिंह हाडा शामिल हुए।

इसके अलावा पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने भी अखाड़े का स्वागत किया। अनंत चतुर्दशी आयोजन स्वागत समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि जुलूस का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। अखाड़े और झांकियां निकाली गई। भव्य जुलूस में जगह-जगह प्रसादी का वितरण किया गया है। विसर्जन के लिए शहर भर में हर घर, गली और मोहल्ले से लोग छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं को लेकर निकले। शहर के लगभग सभी जलाशयों पर लोगों की भीड़ लगी। किशोर सागर तालाब की पाल पर ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर लोग गणपति की प्रतिमाएं लेकर पहुंचे। यहां आरती उतारने के बाद विसर्जन किया।

बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई जबकि छोटी प्रतिमाओं को नावों में रखकर तालाब के बीच में ले जाकर विसर्जित किया गया। यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। पुलिस ने किसी भी व्यक्ति को जलाशय के नजदीक जाने से रोक दिया। नगर निगम की गोताखोर टीमों के साथ-साथ सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें भी जलाशयों पर तैनात हैं। नावों में तैनात कार्मिक श्रद्धालुओं से मूर्तियां लेकर उन्हें विसर्जित करने का काम करते रहे। कोटा में हमेशा की तरह इस बार भी अनंत चतुर्दशी पर भक्तिमय माहौल रहा। श्रद्धालु बड़ी संख्या में बप्पा से अगले साल फिर से आने की प्रार्थना कर रहे थे। गणपति विसर्जन के दौरान यातायात प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए गए। शहर में कई जगह पर यातायात रोका गया। वाहनों को डायवर्ट किया गया है ताकि विसर्जन में किसी तरह की दिक्कत न हो। लोग अपनी कार, ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, ऑटो और लोडिंग वाहनों में गणपति की प्रतिमाएं लेकर आए। एक-एक करके विसर्जन किया। कोटा शहर में कई लोग बाहर से आए हुए हैं लेकिन यहां आकर वे कोटा के ही होकर रह गए।

यहां की परंपराओं को अपना लिया। जिसमें से एक गणपति विसर्जन की परंपरा है। रेलवे कॉलोनी इलाके से अपने परिवार के साथ मूर्ति विसर्जन करने आए शिव शंकर शाह का कहना है कि वे हर साल यहां आयोजन करते हैं। वे मूल रूप से कोटा के नहीं हैं। लेकिन यहां आकर यहां की परंपराओं से जुड़ गए। शुरूआत में उन्होंने यह आयोजन शुरू किया था तब अकेले ही थे। अब पास-पड़ोस के लोग भी उनके साथ जुड़ गए हैं। इसी प्रकार स्टेशन इलाके की रहने वाली अंशिका का कहना है कि वह लगातार 14 साल से घर पर गणपति स्थापित कर रही हैं। आज धूमधाम से उन्हें विसर्जन के लिए लेकर आई हैं।

# कोटा जंक्शन पर पुनर्विकास कार्य के दौरान ट्रेनों के संचालन में आंशिक परिवर्तन

**कोटा,** (निसं)। कोटा जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 2 पर पुनर्विकास कार्य किए जाने के कारण 10 सितम्बर से 4 अक्तूबर तक 25 दिनों की अवधि में कुछ गाड़ियों के संचालन में आंशिक परिवर्तन एवं मार्ग परिवर्तन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार परिवर्तित प्रस्थान स्थान में गाड़ी संख्या 11604 बीना-कोटा एक्सप्रेस 10 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक कोटा के स्थान पर सोगरिया स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा सोगरिया-कोटा के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 61621 कोटा-सवाई माधोपुर मेमू 10 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक कोटा की बजाय सोगरिया स्टेशन से प्रस्थान करेगी, संख्या 19812 इटावा-कोटा एक्सप्रेस 9 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक कोटा के स्थान पर सोगरिया स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा सोगरिया-कोटा के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 22984 इंदौर-कोटा एक्सप्रेस 10 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक कोटा के स्थान पर सोगरिया स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा सोगरिया-कोटा के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी, गाड़ी संख्या 61634 बीना-कोटा मेमू 10 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक कोटा के स्थान पर सोगरिया स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा सोगरिया-कोटा के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

रेलवे की जानकारी के अनुसार मार्ग परिवर्तन में गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस 10 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग की बजाय सोगरिया-कोटा चंबल केबिन-गुडला मार्ग से संचालित होगी, गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस 10 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग की बजाय गुडला-कोटा चंबल केबिन-सोगरिया मार्ग से संचालित होगी, गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस 10 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग की बजाय सोगरिया-कोटा चंबल केबिन-गुडला मार्ग से संचालित होगी, गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस 10 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक अपने निर्धारित मार्ग की बजाय गुडला-कोटा चंबल केबिन-सोगरिया मार्ग से संचालित होगी। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि यात्रा की योजना बनाते समय उपरोक्त परिवर्तनों को ध्यान में रखें। अधिक जानकारी के लिए यात्री रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट अथवा एनटीईएस मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

## सार-समाचार

### वीसीए-पीसीए डे का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। संस्था क्लेम राइट्स ट्रस्ट एवं सीसीआई राजस्थान जिला कोटा यूनिट द्वारा वीसीए-पीसीए डे कार्यक्रम अदालत परिसर मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीसीआई राजस्थान की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ज्योति गौड़ थी। एडवोकेट ज्योति गौड़ ने बताया कि गत कई वर्षों से 6 सितंबर को भव्यता के साथ वीसीए-पीसीए डे का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देशभर में वीसीए एंड पीसीए डे का आयोजन किया गया। इस साल के लिए वीसीए-पीसीए डे की थीम 'एंफोर्सिंग कंज्यूमर राइट्स इफेक्टिवली' अर्थात् 'उपभोक्ता अधिकारों को प्रभावी ढंग से लागू करना' रखी गई है। उपभोक्ता संरक्षण के लिए विभिन्न वर्गों में लाखों लोग कार्य कर रहे हैं जिनमें एनजीओ, शासन, प्रशासन, ज्यूडिश्यरी और वकालत से जुड़े लोग शामिल हैं और उपभोक्ता हितों की पैरवी करने वाले लोगों को कंज्यूमर एक्टिविस्ट के नाम से जाना जाता रहा है। प्रदेश सचिव लक्की गोयल ने कहा कि भारत सरकार के उपभोक्ता मामलात मंत्रालय के द्वारा विभिन्न राज्यों को जारी एडवाइजरी के अनुसार उपभोक्ता संरक्षण क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को खास पहचान के रूप में दो क्षेत्रों में चि ित किया गया है। इस दिन को मनाने का मकसद न केवल इस प्रोफेशन से जुड़े लोगों के महत्व को प्रतिपादित करना है, साथ ही इस बात को सुनिश्चित बनाना भी है कि अक्षम और अयोग्य लोग स्वयं को उपभोक्ता संरक्षणकर्मी बताकर उपभोक्ताओं के हितों को नुकसान न पहुंचा सकें और इस प्रोफेशन को रेगूलाईज करने के लिए नियम और कायदे बनें ताकि जहां ईमानदारी से कार्य कर रहे योग्य प्रोफेशनल्स की गरिमा बढ़े, वहीं इस क्षेत्र में हो रहे फ्रॉड पर भी अंकुश लग सकें। इस अवसर पर महासचिव राकेश यादव, सचिव जगदीश मीणा, सचिव शशि मीणा, सचिव तारकेश्वर शर्मा, सचिव नवीन गर्ग, मनोज विजय, संयुक्त सचिव पिंकी सोनी इत्यादी मौजूद रहे।

### बेसहारा परिवार की आर्थिक मदद की

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। कोटा शहर की हरिओम नगर कच्ची बस्ती में मजदूर पूरीलाल बैरवा की मौत हो गई थी। पैरीलाल बैरवा लकवे की बीमारी से पीड़ित थे, लेकिन पत्नी गुड्डी और दो लड़के राजू बैरवा और सूरज बैरवा का पालन भोषण वे ही करते थे। मंगलवार का दिन इस परिवार पर बहुत भारी पड़ा जब परिवार के मुखिया पूरीलाल का देहांत हो गया। परिवार वाले और पड़ौसी पूरीलाल का अंतिम संस्कार करके घर लौटे उसके दो घंटे बाद सदमे मे आये पुरीलाल के बड़े बेटे राजू बैरवा उम्र 25 वर्ष की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। पूरे परिवार के साथ हरिओम नगर कच्ची बस्ती में कोहराम मच गया और इस घटना से लोगों की आंसू से आंखे नम हो गई। एक अंतिम संस्कार करने के बाद इस परिवार की स्थिति आर्थिक रूप से दूसरा अंतिम संस्कार करने की नहीं होने पर परिचित और हरिओम नगर कच्ची बस्ती के लोगों ने चंदा इकठ्ठा करके किया। गुड्डी बाई उम्र 45 वर्ष व उनके बेटे सूरज उम्र 15 वर्ष का रो रोकर बुरा हाल हो गया। यह खबर अखबारों के माध्यम से प्रकाशित हुई। बुधवार को प्रकाशित हुई जिसमें लिखा कि पिता की चिता की राख ठंडी भी नहीं हुई और सजानी पड़ी बेटे की चिता इस समाचार को पढ़कर रामगंजमंडी की सामाजिक संस्था युवा दल सचिव राजकुमार पारख ने गुड्डी बैरखा का मोबाईल नम्बर तलाश करके उनसे बात की। गुड्डी बाई ने अपने परिवार की माली हालात के बारे में बताया। इस पर राजकुमार पारख ने युवा दल अध्यक्ष सुनील बोहरा को गुड्डी बाई के घर जाकर ग्यारह हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान करने को कहा। शनिवार को सुबह युवा दल अध्यक्ष सुनील बोहरा ने गुड्डी बाई के घर पहुंच कर ग्यारह हजार रुपये की राशि प्रदान की।

### शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह मनाया

**कोटा,** (निसं)। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वर्धमान कोटा द्वारा फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष स्व. प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की 5वीं पुण्य स्मृति में एवं शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर दिगम्बर जैन मन्दिर धर्मशाला तलवंडी कोटा में शिक्षक व छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक वीरेन्द्र शास्त्री एवं छात्रा दिया जैन का सम्मान किया गया। अध्यक्ष महावीर बरमुंडा ने बताया की शिक्षक सत्य की राह पर चलना सिखाते हैं,जीवन के संघर्षों से लड़ना सिखाते हैं। कार्यक्रम में फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेश चांदवाड, अतिरिक्त महासचिव उमेश अजमेरा, कोटा रीजन अध्यक्ष अनिल ठोरा,संस्थापक अध्यक्ष सुरेश हरसौरा, कोषाध्यक्ष संजय सेठिया, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र ताथेडिया, निर्मल दुगेरिया, आर के जैन, अरविन्द बागड़िया, ज्ञानेन्द्र दुगेरिया, मनोज ठोरा, अनिल धनोप्या, राजेश बरमुंडा, संदीप बरमुंडा, अशोक बाबरिया मौजूद रहे।

### प्लेटलेट्स डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। निजी अस्पताल में भर्ती 21 दिन के बालक के लिए इमरजेंसी में बी पॉजिटिव प्लेटलेट्स की आवश्यकता थी, ऐसे में रक्तवीर युवा टीम के संस्थापक अध्यक्ष अंकित प्रजापति ने तुरंत अग्रवाल ब्लड बैंक पहुँचकर बी पॉजिटिव प्लेटलेट्स डोनेट की। अंकित के द्वारा इस से पूर्व भी रक्तवीर युवा टीम के तत्वधान में अनेक बार रक्तदान प्लेटलेट्स डोनेट एवम रक्तदान शिविर के आयोजन किये जा चुके हैं।

## जैन समाज ने जुलूस निकला

**बूंदी** (निसं)। जैन समाज के चल रहे 10 लक्षण पर्व के तहत शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर जुलूस निकाला गया। चातुर्मास मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि जुलूस आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सोत्या पाड़ा से शुरू होकर नाहर का चोहटा, तिलक चौक ,सदर बाजार, चोमूखा बाजार, चूडी बाजार, मोची बाजार, कागजी देवरा, सेठ जी का चौक, बटक भेरू पाड़ा होते वापस सोत्या पाड़ा स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। जहां पर भगवान के अभिषेक किए गए। जुलूस में भगवान विमान में विराजमान थे जिनको कंधों पर लेकर समाज के लोग चल रहे थे।

## एन.सी.सी. (आर्मी विंग) की भर्ती का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। राजकीय कला महविद्यालय, कोटा में 12 सितम्बर, को एन.सी.सी. (आर्मी विंग) की भर्ती आयोजित की जाएगी। प्राचार्य- प्रो. रोशन भारती ने बताया कि स्नातक (बी.ए. सेमेस्टर-प्रथम) के नियमित छात्र/छात्राऐं इस भर्ती में भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि 16 सीटों के लिए होने वाली भर्ती प्रक्रिया में 10 सीट (छात्र) और 06 सीट (छात्रा) के लिए आरक्षित है। भर्ती प्रक्रिया में छात्र और छात्राऐं अपने महाविद्यालय प्रवेश की रसीद और अपने मूल दस्तावेज साथ लेकर आए अन्यथा उन्हें भर्ती प्रक्रिया से वंचित होना पड़ेगा। एन.सी.सी. प्रभारी डॉ. महावीर प्रसाद साहू ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को मेडिकल रूप से फिट होना चाहिए। एन.सी.सी. (आर्मी विंग) के मापदण्डों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ केडेट्स का चयन 14, राज बटालियन के कमाण्डेन्ट अधिकारी व उनकी टीम की ओर से किया जाएग। उन्होंने बताया कि एन.सी.सी. भर्ती प्रक्रिया के इच्छुक छात्र/छात्राऐं 12 सितम्बर, को राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा के (नवीन भवन) में प्रात: 7:30 बजे अपने सभी मूल दस्तावेज सहित जैसे:- महाविद्यालय प्रवेश रसीद, 10वीं व12वीं की मूल अंकतालिका, आधारकार्ड स्वप्रमाणित फोटो कॉपी और 02 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित रहें। यदि छात्र के पास पहले से ही एन.सी.सी. का ए या बी प्रमाण-पत्र हो, या फिर छात्र/छात्रा के माता/पिता सैनिक या भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण-पत्र या फिर कोई राज्य स्तरीय खेल प्रमाण-पत्र हो तो वह भी साथ लाना अनिवार्य है।

## रेलवे यात्रियों के लिए विकल्प सुविधा-एक अच्छा कदम और बेहतर यात्रा अनुभव

**कोटा,** (निसं)। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की यात्रा को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए है जिनमें विकल्प एक बेहतर सुविधा है। इस सुविधा के अंतर्गत प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) में आने वाले यात्रियों के लिए विकल्प योजना के अंतर्गत यात्रा का नया अवसर प्रदान किया जाता है।

विकल्प एक ऐच्छिक सुविधा है जिसके माध्यम से यात्री यदि इस सुविधा को चुनते है तो टिकट कन्फर्म न होने की स्थिति में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के सामान टिकट उसी गाड़ी की आगे की तिथि में या उसी दिशा की ओर जाने वाली अन्य गाड़ी में समान या अन्य तिथि में उपलब्ध खाली सीटों पर स्थानांतरित किए जाते है।

आंकड़ों की बात करें तो अप्रैल-25 से अगस्त-25 तक की अवधि में भोपाल मंडल से प्रारंभ होने वाली गाड़ियों में कुल 83 प्रतीक्षारत को उसी गाड़ी की अन्य तिथि में या अन्य गाड़ी में सीटें उपलब्ध करायी गई। यह स्थानांतरण सिस्टम द्वारा स्वत: ही किया जाता है।

**विकल्प योजना की मुख्य विशेषताएं:-** यह सुविधा केवल ऑनलाइन से बुक किए गए टिकटों पर उपलब्ध है, यात्री अपनी पसंद के विकल्प (जैसे कि अन्य ट्रेन/समय/गंतव्य) को चयनित कर सकते हैं, यदि मूल ट्रेन में सीट कन्फर्म नहीं हो पाती है, तो विकल्प के तहत अन्य उपयुक्त ट्रेन में उपलब्ध रहने पर कन्फर्म सीट प्रदान की जाती है, यात्रियों का ईमेल के माध्यम से बदलाव की सूचना दी जाती है।

**योजना का उद्देश्य:-** विकल्प योजना का उद्देश्य रेलवे में खाली सीटों का अधिकतम उपयोग करना और साथ ही वेटिंग लिस्ट यात्रियों को यात्रा का नया अवसर प्रदान करना है, जिससे सीटों की बर्बादी रोकी जा सके।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यात्रीगण के माध्यम से टिकट आरक्षण करते समय विकल्प सुविधा का चयन करके इस सुविधा का लाभ ले सकते है जिससे उनको अन्य विकल्पित ट्रेनों में सीट खाली होने पर कन्फर्म सीट मिलने का नया अवसर मिल सकेगा।

## रंगारंग आर्केस्ट्रा सांस्कृतिक संध्या के साथ डोल मेले का समापन

**अन्ता** (निसं)। नगरपालिका अन्ता द्वारा आयोजित 5 दिवसीय तेज़ा दशमी व जलझूलनी एकादशी डोल मेले का सफल आयोजन शुक्रवार की रात संपन्न हुई रंगारंग आर्केस्ट्रा सांस्कृतिक संध्या के साथ संपन्न हुआ। आर्केस्ट्रा रंगारंग कार्यक्रम को देखकर तरूणाई झूम उठी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश सिंह सिकरवार रहे। उनके साथ भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित नंदवाना, एवं आमंत्रित अतिथि मंचासीन रहे।

नगरपालिका अध्यक्ष रामेश्वर खण्डेलवाल ने बताया कि अन्ता नगर में मुख्य तौर से नगर पालिका के सौजन्य से तेजा दशमी एवं डोल मेले का आयोजन एक परंपरा रही है।

इनके माध्यम से भारतीय संस्कृति को सहेजना हमारा दायित्व है। इसके द्वारा जो कभी देवदर्शन तक नहीं करते उनको भी देवदर्शन का अवसर मिलता है। आर्केस्ट्रा रंगारंग कार्यक्रम में रेखा, पूजा डिंपल ने ड्रिम गर्ल के रूप में फिल्मी दुनिया का जलवा बिखेरे सोनम एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुति तथा बबलू छेला की कामेडी ने श्रोताओं को बांधे रखा। इससे पूर्व नगर पालिका चेयरमैन रामेश्वर खंडेलवाल, ने मेला अध्यक्ष महेन्द्र सुमन पार्षद तथा श्री वीर हनुमान मंदिर समिति बमोरी धाम अध्यक्ष प्रहलाद चौधरी ,नंदकिशोर नायक एवं पूरी टीम के साथ अतिथियों मिडिया कर्मियों, तथा नगर पालिका कर्मियों का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर बालाजी महाराज का चित्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्य क्रम का शुभारंभ गणेश वंदना, बालाजी महाराज तथा शंकर भगवान की स्तुति के साथ हुआ। उसके पश्चात रंगमंच फिल्मी दुनिया के गीत संगीत नृत्य का भरपूर आनंद श्रोताओं एवं दर्शकों ने देर रात्रि तक उठाया। अंत में मेला अध्यक्ष महेन्द्र सुमन पार्षद ने इस आयोजन में नगरपालिका चेयरमैन रामेश्वर खंडेलवाल, एवं नगरपालिका कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि, मीडिया तथा आमजन का आभार व्यक्त किया। इस बार नगरपालिका अन्ता की युवा प्रशासनिक टीम और भाजपा के युवा वार्ड पार्षदों के बेहतर तालमेल और संचालन से 5 दिवसीय मेला ऐतिहासिक बन गया है। मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए थे , जिसके चलते किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति का सामना नहीं हुआ। पहली बार मेले में बड़े चकरी-झूले , बच्चों के मनोरंजन के विभिन्न साधनों के लगने से नगरजनों व ग्रामीणों द्वारा भरपूर आनंद उठाया। पांचों दिवस मंचों पर हुए कार्यक्रमों के दौरान शिक्षक-कवि ओम मेरौठा ने अपने जादुई संचालन से नागरिकों को बाँधे रखा।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान क्षित्रय कुमावत युवा शक्ति समिति, जिला बूंदी द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन 7 सितम्बर, रविवार को हरियाली रिसोर्ट, सीलोर रोड, बूंदी में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होगा।

इस वार्षिक महोत्सव में प्रदेशभर के मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के वे प्रतिभाशाली व्यक्ति भी सम्मानित होंगे जिन्होंने शिक्षा, खेल, साहित्य, कला, आईटी, पुलिस सेवा, प्रशासनिक सेवा एवं सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आर.एन. कुमावत (पूर्व प्रबंध निदेशक, जयपुर डिस्कॉम) शिरकत करेंगे। अध्यक्षता घनश्याम जी साबलिया (प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान क्षित्रय कुमावत युवा शक्ति) करेंगे।

## अनंत चतुर्दशी महोत्सव मनाया

**बूंदी** (निसं)। जिले भर में अनंत चतुर्दशी महोत्सव बडी धूमधाम से मनाया गया। गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोषों के बीच भजनों की धुनो पर नाचते गाते श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को पूजा अर्चना कर विदा किया। देररात तक शहर में जैतसागर, नवल सागर, बोहरा कुंड सहित मांगली नदी पर एक से 6 फीट तक की लगभग 2500 से ज्यादा छोटी बड़ी प्रतिमाओं का जलाशयों में विसर्जन किया जाता रहा। इससे पूर्व पूरे जोश के साथ गणेश प्रतिमाओं की पूजा अर्चना कर लोगों ने भगवान समक्ष अपनी अपनी प्रार्थनाएं भी की। अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर शहर के अलग अलग हिस्सों से गणेश प्रतिमाओं को शोभायात्राएं निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु दिनभर गणेश प्रतिमाओं को जत्थों के रूप में लेकर विसर्जन स्थल तक लाते रहे।

## गुरु दक्षिणा शिक्षक अवार्ड से शिक्षकों का सम्मान

**बूंदी** (निसं)। भारतीय जैन संगठना की ओर से फाउंडेशन के नौवें कार्यक्रम गुरु दक्षिणा राष्ट्रीय शिक्षक दिवस कार्यक्रम शुक्रवार को यहां चौगान जैन मंदिर में आर्यिका सत्यमति माताजी व आर्यिका हेमश्री माताजी संसंघ के सानिध्य में आयोजित किया गया। जिसमें 50 शिक्षकों का दुप्पटा पहनाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर रॉबिन कासलीवाल, गुणमाला छाबड़ा व कविता मेहता ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथि सभापति सरोज अग्रवाल, खंडेलवाल सरावगी समाज अध्यक्ष संतोष पाटनी, मंत्री योगेंद्र कासलीवाल,वरिष्ठ समाजसेवी जी बिरधीचंद छाबड़ा, चातुर्मास संयोजक दीपक गंगवाल,संघटना के अध्यक्ष प्रदीप हरसौरा व महिला विंग अध्यक्ष सुमन कासलीवाल मंचासिन रहे।

# शोभायात्रा में जनसमूह उमड़ा, हैरतअंगेज करतब दिखाए

■ कलाकारों ने करतब दिखाकर सभी को रोमाचिंत किया

**छबडा** (निसं)। कस्बे में अनंत चतुदर्शी पर शनिवार को श्री गणेश कला मंडल के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कलाकारों व अखाड़ेबाजो ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी को रोमाचिंत कर दिया। इस मौके पर दो दर्जन से अधिक सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

अनंत चतुर्दशी की शोभायात्रा शाम चार बजे बाद कृषि उपज मंडी प्रांगण से शुरू हुई। शोभायात्रा में ढ़ोल, नगाड़ो की थाप पर ऊंट व घोडो पर सवार होकर केसरियां ध्वज लेकर आगे-आगे चल रहे थे। इस बीच अखाड़ो के कलाबाजों ने हैरतअंगेज करबत दिखाकर दर्शको को रोमांचित कर दिया। यह शोभायात्रा धरनावदा चौराहा, आजाद सर्किल, अलीगंज बाजार सहित मुख्य मार्गा से होती हुए बाहरी दरवाजा पर स्थित सिद्धि विनायक मंदिर पर पहुंची, जहां गणेश प्रतिमाओं की महाआरती के बाद प्रतिमाओं को ट्रेक्टर-ट्रोली के माध्यम से गुगोर की पार्वती नदी में गगनभेदी जयघोष के साथ विसर्जन किया गया। रास्ते में कई स्थानो पर संगठनो द्वारा पेयजल व शरबत की स्टॉल लगाकर सेवा कार्य किया गया।

**शोभायात्रा में यह रहे आकर्षण का केंद्र:-** शोभायात्रा में ढोल ताशा दल ने रोमांच उत्पन्न किया। शंकर अघोरी नृत्य, विशालकाय नंदी ने सभी को मनमोहित किया तथा हनुमानजी की जीवंत झांकी व कोटा के कलाकारों द्वारा राधा-कृष्णा, मयूर नृत्य आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।शोभायात्रा में किशनगंज के कलाकारो द्वारा प्रस्तुत किए हाडौती क्षेत्र के प्रसिद्ध सहरिया नृत्य ने सभी का मनमोह लिया। शोभायात्रा में राफेल, अग्नि मिसाइल सहित विभिन्न देवी देवताओं एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत दो दर्जन झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

**बडी संख्या में पुलिस बल तैनात:-** शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात होने से समूचा शहर पुलिस छावनी बना रहा। यहाँ एसडीएम रामसिंह गुर्जर डीएसपी विकास कुमार, सीआई राजेश खटाणा सहित वृत के थानों के थानाधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे। शोभायात्रा मार्ग की ड्रोन कैमरो से निगरानी रखी गई और वीडियो ग्राफी करवाई गई। वही, छतो व भवनो पर पुलिस कर्मियों ने सादा गणवेश में निगरानी रखी।

**छतों व दुकानों पर चढ़कर देखी शोभायात्रा:-** बारिश भी लोगों का उत्साह नहीं डिगा सकी। जैसे-जैसे शाम ढलती गई आमजन का उत्साह बढ़ता गया। शोभायात्रा मार्ग के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। दूर-दराज व ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने दोपहर दो बजे से ही शोभायात्रा मार्ग में अपनी जगह बना ली। शोभायात्रा मार्ग पर स्थित दुकानों व मकानों की छतों पर चढ़कर लोगों ने शोभायात्रा का आनंद लिया।


**खोया पाया**

प्रभा मंगल पुत्री रामदयाल गुप्ता 3-k-12 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का मूल आवंटी का मूल आवंटन निरस्तीकरण प्रारूप गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें ।

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **(1) निविदा संख्या:** ईएल/50/272/2025-26 **कार्य का नाम:** कोटा-ऑनलाइन प्रशिक्षण केंद्र सुविधा सह सीबीटी केंद्र का विस्तार। **अनुमानित लागत:** ₹ 42,52,406.24/- **बयाना राशि:** ₹85,100/- **कार्य समाप्ति अवधि:** 06 माह **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 26.09.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे. ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुअली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें।

(हस्ता.)

वरि.मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य), प.म.रे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 89/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

श्री भैरु सिंह पुत्र श्री रतन सिंह निवासी ग्राम तिसाई तहसील डग जिला झालावाड़ द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (2) के अन्तर्गत प्रन्यास "मन्दिर श्री ठाकुर जी मुरली मनोहर महाराज" ग्राम डग तहसील डग जिला झालावाड़ के सम्बन्ध में पंजीयन हेतु जांच किये जाने के लिये आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जायेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 26.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 29.10.2025 है।

सहायक आयुक्त

देवस्थान विभाग कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल**

हमारा प्रयास, सबको आवास

ई-ऑक्शन के माध्यम से

व्यावसायिक / आवासीय प्रीमियम संपत्तियों को खरीदने का सुनहरा अवसर

ई-ऑक्शन